# एसआई के अपमान पर भड़के सीओ सिविल लाइन

## सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर कलेक्ट्रेट पर चल रहा था व्यापारियों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की चर्चित सेंट्रल मार्केट को लेकर व्यापारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए व्यापारी लगातार धरना दे रहे हैं और पैदल मार्च भी कर रहे हैं। इसी को लेकर शुक्रवार की देर रात सेंट्रल मार्केट में टेंट लगाकर धरना दे रहे व्यापारियों को पुलिस ने उठा दिया। इस दौरान दो लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया जिन्हें नौचंदी थाने लाया गया। इसके बाद व्यापारी इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे। इस दौरान व्यापारी नेता शैंकी वर्मा व जीतू नागपाल के साथ किसान यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।





किसान यूनियन के पदाधिकारी ने वहां खड़े एक एसआई को कुछ कहा इसके बाद वहां पर मौजूद सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी भड़क गए। उन्होंने किसान यूनियन और व्यापारियों से कहा कि आपके बुलाने पर हम आए हैं। आपकी बात सुनने आए हैं, आपका सम्मान है, मेरे पुलिसकर्मी के साथ जो दुर्व्यवहार किया है वह सही नहीं है इसकी वह निंदा कर रहे हैं। उन्होंने व्यापारियों को साफ-साफ दो टूक कह दिया कि अगर बात करनी है तो सम्मान के साथ करें वरना वह बात करने भी नहीं आएंगे। पुलिस प्रशासन अपना काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश सर्वोपरि होता है और उसका पालन करना प्रदेश सरकार के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ उनकी सहानुभूति है लेकिन कोर्ट जो भी फैसला करेगा वही मान्य होता है। फिलहाल उन्होंने कलेक्ट्रेट में चल रहे प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों और किसान नेताओं को साफ साफ कह दिया कि वह पुलिस प्रशासन के साथ बिल्कुल भी बदतमीजी से पेश न आए। एक-एक सिपाही और पुलिसकर्मी का मान सम्मान बेहद जरूरी है। सीओ सिविल लाइन की इस बात पर वहां पर मौजूद सभी लोगों ने सहमति जताई कि सिविल लाइन के जाने के बाद भी लोगों का यही कहना था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा और पुलिस प्रशासन भी कोर्ट के आदेश का पालन कर रही है।

बता दें कि सीओ सिविल लाइन 2013 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं और वह तेज तर्रार अधिकारियों की सूची में आते हैं। मेरठ में वह कानून के अनुशासन को लेकर डटे रहते हैं और कई बार उनकी झड़प वीआईपी ड्यूटी के दौरान बड़े नेताओं से हो चुकी है। उस दौरान भी उन्होंने बड़ी ही शालीनता और सूझबूझ के साथ स्थिति को संभाला। वह पीड़ितों के साथ भी मजबूती के साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं।

## गृह कलेश से तंग आकर युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर की भैंसा रोड स्थित फरीद कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने गृह कलेश से तंग आकर फंदे से लटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरीद कॉलोनी में 40 वर्षीय जलाल अपनी तीसरी बीवी गुलशन व पहली पत्नी से हुई 8 वर्षीय बेटी के साथ किराए के मकान में रहता था। जलाल बिजनौर में एक मुर्गी फार्म में नौकरी करता था और शनिवार सुबह की बिजनौर से घर लौटा था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ और जलाल ने छत पर लगे कुंदे से फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी बीवी और बेटी से घटना के बारे में जानकारी ली। इंस्पेक्टर मवाना पूनम जादौन ने भी गुलशन से पूछताछ की।

## नौ मार्च को होगा जनसुनवाई का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. से संबंधित सकल राजस्व आवश्यकता एवं टैरिफ वित्तीय वर्ष 2026-27, वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा टू-अप वित्तीय वर्ष 2024-25 याचिका के संबंध में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जन-सुनवाई 09 मार्च (सोमवार) को प्रातः 11 बजे ओडिटोरियम-1, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे के सामने ग्रेटर नोएडा-201312 (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी। इस जन-सुनवाई का उद्देश्य उपभोक्ताओं, जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य हित धारकों को प्रस्तावित एआरआर/टैरिफ, वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा एवं टू-अप याचिका से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव, आपत्तियों एवं विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है। उक्त के संबंध में पब्लिक नोटिस एवं अन्य विस्तृत जानकारी उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वेबसाइट तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# प्रिया टॉकीज की पार्किंग में पिकअप गाड़ी में बैठे युवक को गोली मारी

- गंभीर हालत में युवक अस्पताल में भर्ती
- हमलावर की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के बीचो-बीच स्थित प्रिया टॉकीज की पार्किंग में पिकप गाड़ी में बैठे युवक को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गोली की खिड़की बंद कर मारी गई, जिससे आसपास के लोगों को भी इसकी आवाज नहीं आई। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एसपी देहात ने भी घटनास्थल का मुआयना कर दिशा निर्देश दिए और फोरेंसिक टीम बुलाकर पिकप गाड़ी की जांच कराते हुए साक्ष्य एकत्रित किए गए। सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया।

यह घटना शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे की है। दरअसल, नगर की घनी आबादी के बीचो-बीच प्रिया टॉकीज के खाली पड़े मैदान में आसपास के लोग अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। उसी पार्किंग में सुबह करीब सवा नौ बजे सुबहान (24) पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला कल्याण सिंह अपनी महेंद्रा पिकप गाड़ी में बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसके साथ गाड़ी में ही दो अन्य युवक भी बैठे थे। वही दोनों युवक सुबहान के सिर में पिस्टल से गोली मारकर फरार हो गए। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक गोली सुबहान के सिर में फंसी हुई है, जिसका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल वह बेहोशी की स्थिति में है।

उधर, घटना के बाद पुलिस ने आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले और पार्किंग से निकलने वाले दो दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। दोनों युवक खतौलिया चौक के रहने वाले बताए जा रहे हैं। एसपी देहात अभिजीत कुमार, सीओ मवाना पंकज लवानिया ने दोनों संदिग्धों से पूछताछ की। पीड़ित पक्ष की ओर से अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चर्चा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पुलिस घटना में प्रयुक्त असलाह बरामद करने की कोशिश में जुटी है।



# सपा की मासिक बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

## कैंट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित शर्मा बोले 2027 में सपा की बनेगी सरकार, मजबूती से करें तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी के नेतृत्व में माह के प्रथम शनिवार को होने वाली मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की तथा सभी पदाधिकारियों को संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों की कार्यविधि पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए संगठनात्मक कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता और कैंट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित शर्मा ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमें जमीनी स्तर पर और मेहनत करनी होगी, लोगों का विश्वास जीतने और जनता के बीच भाजपा के द्वारा किए गए उन तमाम कार्यों के प्रति जागरूकता लाना होगा जिससे जन हानि हुई है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय पूरी तरीके से समाजवादी पार्टी का है। इस बार समाजवादी पार्टी 2027 में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने सभी से पार्टी के हित में कार्य करने और मैदान में 2027 की तैयारी के साथ जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महासचिव योगेन्द्र जाटव, मृदुला यादव, विजयपाल कश्यप, निर्मित यादव, अमित शर्मा, ई. संदीप यादव, अजय अधाना, रविंद्र प्रेमी, डा. कय्यूम, गुलफाम सैफी, डा. नासिर सुल्तान, डा. मोहसिन, फैजान अंसारी, सतपाल यादव, एहतेशाम इलाही, कृष्णपाल यादव, किशोर बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।





पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी व सपा नेता अमित शर्मा।

# एनआईसी सभागार में हुई सिटी हीट एक्शन प्लान समिति की बैठक

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी ने विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को एनआईसी सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सूर्य कान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में सिटी हीट एक्शन प्लान हेतु गठित समिति व विषय विशेषज्ञों के साथ बैठक आहूत की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सिटी हीट एक्शन प्लान विकसित, क्रियान्वित एवं अनुश्रवण किये जाने हेतु शासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है जिसमें नगर आयुक्त नगर निगम सदस्य संयोजक तथा अपर नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण द्वारा नामित वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक/प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, रीजनल मैनेजर परिवहन विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला अग्निशमन अधिकारी, अधिशासी अभियंता ऊर्जा विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला सूचना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, नगर आयुक्त द्वारा एनजीओ एसएचजी कम्युनिटी ग्रुप एवं सामाजिक संस्थाओं से नामित पदाधिकारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि सिटी हीट एक्शन प्लान विकसित क्रियान्वित एवं अनुश्रवण किये जाने हेतु तकनीकी सहयोग, सुझाव, परामर्श, आंकड़ों, केस स्टडी, शोध, दस्तावेजो के संकलन एवं उनके विश्लेषण तथा हीट एक्शन प्लान के मसौदे एवं संकलन हेतु 03 विषय विशेषज्ञों एवं 01 व्यवसायिक विशेषज्ञ की सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने में सहायता लिए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।




अपर जिलाधिकारी द्वारा सिटी हीट एक्शन प्लान की पूरी कार्य योजना तैयार किये जाने हेतु विभागवार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उन्होने विषय विशेषज्ञो से कहा कि पिछले वर्षों का अध्ययन करते हुये प्रतिवर्ष तापमान में कितनी वृद्धि हुई है इसका आंकलन करें व इसके कारणो का पता लगाये तथा आगामी वर्षों के लिए कार्यवाही हेतु सिटी हीट एक्शन प्लान को विस्तृत रूप से तैयार किया जाये। उन्होंने कहा कि शार्ट टर्म, मिड टर्म तथा लॉन्ग टर्म के बिंदुओं पर एक्शन प्लान तैयार किया जाये। उन्होने सभी संबंधित विभागों को सिटी हीट एक्शन प्लान हेतु अपनी कार्य योजना तैयार कर विषय विशेषज्ञो को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विषय विशेषज्ञों से कहा कि विभागों से प्राप्त कार्य योजना का अध्ययन कर विस्तृत रूप से सिटी एक्शन प्लान तैयार करें। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, आचार्य रसायन विज्ञान विभाग प्रो. आर.के. सोनी, आचार्य भौतिक विज्ञान विभाग प्रो. अनुज कुमार, आचार्य भौतिक विज्ञान विभाग प्रो. संजीव कुमार शर्मा, असि. प्रो. एनआरएम-एनवायरमेंटल साइंस अनिल कुमार शंखवार, आपदा विशेषज्ञ सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मुस्लिम समुदाय में रोष, सीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोष देखने को मिला। शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोग मखदूमपुर अड्डा स्थित एक मदरसे में एकत्रित हुए और मामले में कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि मोहल्ला होलीचौक मधुसूदन रोड निवासी राहुल सैनी पुत्र सत्तार पाल द्वारा 6 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे फेसबुक अकाउंट से हजरत मुहम्मद साहब की शान में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट किए जाने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से समुदाय के लोगों को मिली। पोस्ट वायरल होने के बाद लोगों में नाराजगी फैल गई।



मामले को लेकर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मखदूमपुर अढा स्थित मदरसे में इकट्ठा हुए। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी (सीओ) पंकज लवानिया मौके पर पहुंचे। समुदाय के लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कस्बे के शहर काजी मौलाना नफीस सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। युवा नेता जुनैद फराइम ने कहा कि इस तरह की पोस्ट से समाज में आपसी सौहार्द बिगड़ सकता है, इसलिए प्रशासन को मामले में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। सीओ पंकज लवानिया ने लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

# 10 व 11 मार्च को जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानिदेशक प्रांतीय रक्षक दल/विकास दल एवं युवा कल्याण उ.प्र. लखनऊ के पत्र के परिपालन में वित्तीय वर्ष 2025-26 जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 व 11 मार्च को स्थान विद्या विश्वविद्यालय बागपत रोड मेरठ में प्रातः नौ बजे से निर्धारित 08 विधाओं-एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल भारोत्तोलन एवं जूडों सभी वर्गों (सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग) में अध्यक्ष-संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में कराई जानी निश्चित हुयी है। प्रतियोगिता में जोन के सभी जनपदो-मेरठ, बागपत, हापुड, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, शामली एवं मुजफ्नगर से जो खिलाड़ी अपनी विधानसभा में विजय के उपरांत सांसद खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान पर विजयी रहे है वे ही खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगे। उक्त दो दिवसीय कार्यकम में निम्न प्रकार दिनांक को विधाये करायी जायेगी। अतः तिथियो के अनुसार ही विजयी खिलाड़ी अपनी आमद करायेगे।

प्रथम दिवस दिनांक 10 मार्च 2026 को विधाये-1-एथलेटिक्स बालक व बालिकाये सभी वर्गों की (सबजूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग), भारोत्तोलन बालक व बालि. काये सभी वर्गों की, जूडों बालक व बालिकाये सभी वर्गो की, बैडमिंटन बालक व बालिकाये सभी वर्गों की, कुश्ती बालक व बालिकायें सभी वर्गो की, वॉलीबाल बालिका सभी वर्गों की, कबड्डी बालिका सभी वर्गों की, फुटबॉल बालिका सभी वर्गों की। द्वितीय दिवस दिनांक-11 मार्च 2025 को विधाये वालीबॉल बालक सभी वर्गो की, कबड्डी बालक वर्गो की, फुटबॉल बालक सभी वर्गों की। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी विकास भवन कचहरी मेरठ में या मो. नं.-8791663477, 9990440519 व 8700899922 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# योगी के ब्रज आगमन पर पुलिस ने दो दर्जन नेता और गोस्वामी किए 'नजरबंद'



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा–वृन्दावन आगमन को लेकर जहाँ प्रशासन पल–पल की तैयारियों में जुटा है वहीं पुलिस और इंटेलिजेंस विभाग ने विरोध की किसी भी आशंका को जड़ से खत्म करने के लिए बड़ा 'ऑपरेशन' चलाया है। इनपुट मिला था कि कुछ संगठन मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने या प्रदर्शन करने की फिराक में हैं, जिसके बाद पुलिस ने करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर लिया है।

इंटेलिजेंस से प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने सुबह से ही धरपकड़ शुरू कर दी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर और महानगर अध्यक्ष यतेंद्र मुकदम को उनके आवास पर ही रोक दिया गया है। इसके अलावा कांग्रेसी कार्यकर्ता अनाम धन्य तिवारी, रालोद नेता गौरव चतुर्वेदी और बबल नाथ चतुर्वेदी वृंदावन में युवा सपा नेता अंकित वार्ष्णेय को भी पुलिस की निगरानी में रखा गया है। हैरानी की बात यह है कि इस बार राजनीतिज्ञों के साथ–साथ वृन्दावन बिहारी जी मंदिर के कुछ गोस्वामियों को भी उनके घरों में नजरबंद किया गया है ताकि वे किसी भी प्रकार का विरोध दर्ज न करा सकें। सूत्रों के अनुसार नजरबंद किए गए लोगों में से कई ऐसे हैं जो मुख्यमंत्री को यमुना शुद्धिकरण के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो इसके लिए वृन्दावन और मथुरा कोतवाली में भी कई संदिग्धों को बिठाया गया है। मुख्यमंत्री का मथुरा दौरा और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में दर्शन–पूजन का कार्यक्रम शाम तक चलेगा। सूत्रों का कहना है कि जैसे ही शाम करीब 6:00 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मथुरा से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगा वैसे ही इन नेताओं और गोस्वामियों के घरों के बाहर से पुलिस का पहरा हटा लिया जाएगा।

कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड
KRIBHCO Cooperative and beyond...
क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ
उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/DCDF/ रैक पाइन्ट मेरठ से कृषक भारती सेवा केन्द्र- पुषार (बागपत) शाहपुर (मुजफ्फरनगर) एवं हाफिजपुर (हापुड़) पर अनुमानित 3000.00मै0टन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की मांग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ में दिनांक 24.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 10,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वर्षों की आईटीआर प्रति, पैन कार्ड एवं जीएसटी नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनांक 24.03.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्हः 01:00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ में खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तों की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय,मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।
(वशिष्ठ नायक),
क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ
Email: aomeerut@kribhco.net

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यक्ष ऐप से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा, हापुड़ समेत मेरठ रेंज में 1.06 लाख अपराधियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा विकसित 'यक्ष (YAKSH) ऐप' को मेरठ परिक्षेत्र में तेजी से लागू किया जा रहा है। इस ऐप के माध्यम से अपराधियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ बीट पुलिसिंग व्यवस्था को भी और मजबूत किया जा सकेगा।






पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देशन में रेंज के सभी जनपदों में इस ऐप का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष की शुरुआत में डीआईजी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपद प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को यक्ष ऐप के उद्देश्य और इसके प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए थे। निर्देशों के क्रम में मेरठ रेंज के चारों जिलों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में अपराधियों का शत-प्रतिशत डेटा ऐप में दर्ज करने और उनका नियमित सत्यापन कराने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। अब तक मेरठ रेंज में कुल 1,06,092 अपराधियों का डिजिटल डेटा यक्ष ऐप में दर्ज किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 70 हजार अपराधियों का सत्यापन भी पूरा कर लिया गया है। हापुड़ जनपद में भी इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। यहां कुल 18,095 अपराधियों का डेटा यक्ष ऐप में दर्ज किया गया है, जिनमें से 7,970 अपराधियों का सत्यापन पुलिस द्वारा किया जा चुका है। वहीं रेंज के कुल 5863 ग्राम और मोहल्लों का 100 प्रतिशत डेटा ऐप में फीड किया जा चुका है। इनमें हापुड़ के 797 गांव और मोहल्ले भी शामिल हैं, जिनका पूरा विवरण डिजिटल रूप से दर्ज कर लिया गया है। यक्ष ऐप की खासियत यह है कि किसी भी जिले में अपराध करने वाले अपराधी का रिकॉर्ड दर्ज होते ही संबंधित थाने को स्वतः सूचना मिल जाएगी। इससे अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना आसान हो जाएगा। इस ऐप में एआई आधारित फेसियल रिकग्निशन और वॉयस सर्च जैसी आधुनिक तकनीक भी जोड़ी गई है। यक्ष ऐप के माध्यम से जघन्य और सनसनीखेज अपराधों की स्थिति में पुलिस को तुरंत संभावित अपराधियों की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी, जिससे कार्रवाई तेज और सटीक हो पाएगी। इसके माध्यम से अपराधियों का डिजिटल रिकॉर्ड, उनका नियमित सत्यापन और बीट स्तर पर जवाबदेही तय होने से अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 48 शिकायतें पहुंचीं, डीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की तीनों तहसीलों हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। धौलाना तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने की, जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

धौलाना तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित करने के



निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचना चाहिए और किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बिना किसी ठोस कारण के किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के बाद ही उसका निस्तारण किया जाए, ताकि एक ही शिकायत बार-बार तहसील दिवस में न आए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय सबसे पहले यू.पी. बोर्ड परीक्षा केंद्र एसएसवी इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को परखा और कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों को परीक्षा के दौरान हर गतिविधि पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों से परीक्षा संचालन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके बाद जिलाधिकारी दिल्ली पब्लिक स्कूल स्थित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा केंद्र पहुंचे। यहां भी उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वार तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र



व्यवस्थापक से परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ कराई जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाए और परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे।

# लिफ्ट देकर लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, नकदी व सामान बारामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देकर लूट करने की घटना का सफल अनावरण कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की नकदी, मोबाइल फोन, घड़ी, ईयरफोन, आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 110/26 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित लूट की घटना का खुलासा किया। पुलिस ने सूचना के आधार पर फुलड़ी नहर के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुभान उर्फ पठान पुत्र मासूम निवासी ग्राम रतूपुरा थाना सिम्भावली तथा समीर पुत्र असलम निवासी ग्राम अठसैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 3500 रुपये नकद, एक घड़ी, ईयरफोन, आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देकर लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# पुलिस कार सवार युवक को अवैध पिस्टल के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने एक कार सवार युवक को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल, मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देश पर जिले में लगातार ऑपरेशन शस्त्र अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बदरखा अंडरपास के पास एक संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार सवार युवक के पास से एक अवैध देशी पिस्टल, मैगजीन और 7.65 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान प्रिंस पुत्र सुदेश निवासी ग्राम करीमपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से बरामद हुंडई एसेन्ट कार (रजिस्ट्रेशन नंबर DL11 CA3334) को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूपी बोर्ड : हाईस्कूल वाणिज्य व इंटर व्यवसायिक की परीक्षा में बैठे 1266 परीक्षार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2026 के तहत शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य तथा तथा इंटरमीडिएट की व्यवसायिक विषयों की परीक्षा 36 केंद्रों पर कराई गई। दोनों विषयों की परीक्षा में 1266 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। जबकि 43 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा पूरी तरह से शांति पूर्वक हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य तथा तथा इंटरमीडिएट की व्यवसायिक विषयों की परीक्षा 36 केंद्रों पर संपादित कराई गई। जिनपर हाईस्कूल वाणिज्य विषय के लिए कुल 786 पंजीकृत छात्र–छात्राएं थे, जिसके सापेक्ष 762 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल होने के लिए पहुंचे। जबकि 24 छात्र–छात्राएं अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार इंटरमीडिएट व्यवसायिक विषय की परीक्षा के लिए 523 विद्यार्थी पंजीकृत थे, उसके सापेक्ष 504 विध्द्यार्थी उपस्थिति तथा 19 विध्द्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षा केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग की सूचना नहीं मिली है। जनपद में परीक्षा नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराई जा रही है।

# शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल शहर की पहली एआई रोबोटिक्स लैब की ज्ञान इंटरनेशन स्कूल में शुरुआत

**पीलीभीत।** शहर के प्रतिष्ठित ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में शहर की पहली ।P रोबोटिक्स लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल, राजेंद्र सिंह छाबड़ा, श्रीमती कैलाश रानी छाबड़ा, लक्ष्मीकांत शर्मा एवं डॉ. धर्मेन्द्र सिंह सब्बरवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया, जिसके साथ ही विद्यालय में आधुनिक तकनीकी शिक्षा की इस नई पहल की औपचारिक शुरुआत हुई।

उद्घाटन समारोह को और भी आकर्षक और आधुनिक बनाने के लिए "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित रिमोट नियंत्रित पर्दा खोलने की प्रणाली" का उपयोग किया गया। अतिथियों द्वारा बटन दबाते ही पर्दा स्वचालित रूप से खुला और इसी के साथ ।P रोबोटिक्स लैब का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अनोखी और तकनीकी पहल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया तथा विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीक के प्रति उत्साह और जिज्ञासा को और बढ़ा दिया। इस अत्याधुनिक लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। विद्यालय में स्थापित इस रोबोटिक्स लैब के माध्यम से छात्र–छात्राओं को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।P), प्रोग्रामिंग और आधुनिक तकनीकी परियोजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इसके जरिए विद्यार्थी न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करेंगे, बल्कि तकनीकी उपकरणों और सॉफ्टवेयर के साथ काम करते हुए नई–नई चीजें सीखने का अवसर भी पाएंगे। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा ने बताया कि इस लैब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की भावना और तकनीकी समझ को विकसित करना है। आज के समय में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है, इसलिए विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। इस पहल से बच्चों की रचनात्मकता, समस्या–समाधान क्षमता और टीमवर्क में भी वृद्धि होगी। रोबोटिक्स लैब में विद्यार्थियों को रोबोट बनाना, कोडिंग करना, सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर के माध्यम से विभिन्न तकनीकी प्रोजेक्ट तैयार करना सिखाया जाएगा।

## एक नजर

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान में पुलिस ने दो आरोपी अवैध तमंचों के साथ किए गिरफ्तार

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देश पर जिले में लगातार ऑपरेशन शस्त्र अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बलवारपुर रोड पलवाड़ा रोड स्थित बाबा फार्म हाउस के पास से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान ओमपाल पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम नैनापुर थाना गढ़मुक्तेश्वर और राहुल लोधी पुत्र अशुल निवासी ग्राम सेहल थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में बताई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी राहुल लोधी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना बहादुरगढ़ में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामले भी शामिल हैं।

# गुरजीत कौर ने प्रेमी और नौकर संग मिलकर बनाई थी ग्रंथि पति हरविन्दर सिंह की हत्या की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील पूरनपुर में दिनांक 2.3.2026 को वादिनी द्वारा शिकायत दर्ज करायी कि उनके पति हरविन्दर सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी ग्राम कजरा थाना खुटरा जनपद शाहजहांपुर, जो करीब 3 वर्ष से ग्राम रम्पुरा कोन, पूरनपुर स्थित गुरुद्वारा साहब में ग्रन्थी हैं, दिनांक 1.3.2026 को कढेर चौराहा से गुरुद्वारा वापस आ रहे थे तभी नदा वाली पुलिया पर किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा मेरे पति के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया गया, प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव द्वारा टीम गठित कर घटना के सफल अनावरण के निर्देश दिये गये थे। गठित टीम द्वारा घटना के अनावरण हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में कुलदीप सिंह उर्फ सोनी पुत्र सुखदेव सिंह उम्र करीब 45 वर्ष राकेश पुत्र कुवर सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रम्पुरा कोन थाना पूरनपुर पीलीभीत को ग्राम रम्पुरा कोन के जाने वाली नहर पुलिया व अभियुक्ता गुरजीत कौर पत्नी हरविन्दर सिंह निवासी ग्राम कजरा थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर को कढे चौराहे से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त कुलदीप सिंह उर्फ सोनी ने बताया कि उसका गुरुद्वारा रम्पुरा कोन में रहने वाले ग्रंथी हरविन्दर सिंह के घर आना–जाना था, जिससे हरविन्दर सिंह की पत्नी गुरजीत कौर से उसका लगभग 6 माह पूर्व प्रेम प्रसंग हो गया। इस संबंध की जानकारी होने पर हरविन्दर सिंह द्वारा अपनी पत्नी को टोका गया, इसके बाद गुरजीत कौर और कुलदीप सिंह से मिलकर हरविन्दर सिंह की हत्या को योजना बनायी।

# महिला दिवस पर वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पीलीभीत।** जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से "फाइनेंशियल लिटरेसी फॉर वीमेन" विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुष्प इंस्टीट्यूट, पीलीभीत में किया गया। इस कार्यक्रम में जेएफएम सीए नेहा अरोरा ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं को वित्तीय जागरूकता, धन प्रबंधन तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बचत, निवेश तथा सही वित्तीय निर्णय लेने के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएफएम अदिति सक्सेना (अध्यक्ष) ने की। इस अवसर पर सेक्रेटरी जेसी क्रति अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जेएफएम प्रभ कौर ,जेसी आंचल सिंह एवम जेसी चारू गुप्ता ने कार्यक्रम समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही और सभी ने इस ज्ञानवर्धक सत्र की सराहना की।

# रासेयो के विशेष शिविर का शुभारंभ

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में किया गया। शिविर का आज प्रथम दिवस था जिसका उप विषय कौशल विकास से व्यक्तित्व और नेतृत्व का निर्माण रखा गया। शिविर स्थल पर पहुँचकर स्वयंसेविकाओं द्वारा परिसर की साफ-सफाई की और साथ लाए आवश्यक सामान को व्यवस्थित रूप से रखा गया। प्रबन्धक रेणु गोयल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा द्वारा प्रबन्धक श्रीमती रेणु गोयल को पुष्प घट भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ गीता शर्मा ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया। शिविर में स्वयंसेविका अनुष्का, प्राची, प्रांचल, अंजलि, सेजल, अल्फी और संध्याकुमारी ने शिविर गतिविधियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के सफल संचालन में श्री मनोज, श्री रोहित एवं श्रीमती संतोष का सराहनीय योगदान रहा।

# बालिका शिक्षा सामाजिक बदलाव के लिए उत्प्रेरक

## अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर विवेक विश्वविद्यालय में गोष्ठी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय मे आज समान अवसर समिति द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का प्रारम्भ वाइस चांसलर प्रो. (डा.) नरेश गुप्ता, मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डा. राजीव कुमार चौधरी डीन स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज, डा. संजय त्यागी डीन, स्कूल ऑफ साइंस, डा. पुष्पा जोशी अध्यक्षा समान अवसर समिति द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष सयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके हुआ।

सर्वप्रथम समान अवसर समिति की अध्यक्षा डा. पुष्पा जोशी ने विवेक विश्वविद्यालय मे समान अवसर समिति के कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलाएं पहले से ही सशक्त है। लेकिन उन्हें शिक्षा द्वारा जागरुक होने का आवश्यकता है। इसके बाद स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज के छात्र/छात्राओं निशा शर्मा, हिमांशु आर्य, सुमैरा और जैनव द्वारा वर्तमान समय में लडकियों के लिये शिक्षा की जरुरत एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड
KRIBHCO Cooperative and beyond...
क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ

उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/DCDF/रैक पाइन्ट हापुड़ से कृषक भारती सेवा केन्द्र-हाफिजपुर जनपद हापुड़ एवं जहाँगीराबाद, गुलावठी, स्याना, शिकारपुर (जनपद बुलन्दशहर) पर अनुमानित 4000.00 मै0टन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की मांग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ में दिनांक 23.03.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 5,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वर्षो की आईटीआर प्रति, पैन कार्ड एवं जीएसटी नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनांक 23.03.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह: 02.00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ में खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तो की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय,मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

(वशिष्ठ नायक),
क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ
Email: aomeerut@kribhco.net

# जतीपुरा कदमखंडी आश्रम के महंत बने चौतन्य कृष्ण दास



**गोवर्धान।** गिरिराज महाराज की तलहटी जतीपुरा स्थित कदमखंडी आश्रम में आयोजित महंताई समारोह में चौतन्य कृष्ण दास परिक्रमा वाले बाबा को आश्रम का नया महंत बनाया है। कदमखंडी आश्रम के नए महंत का स्वागत मुख्य अतिथि श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज एवं विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने किया।

महंत केशव दास ने बताया कि गौडीय वैष्णव विरक्त परम्परा में प्राचीन समय से ही कदमबखंडी आश्रम में बृजवासियों से माधुकरी कर साधुसंतो ने भजन ध्यान किया है। भक्ति एवं सेवा की भावना को नए महंत चौतन्य कृष्ण दास आगे बढ़ाएंगे। विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि महंत बने चौतन्य कृष्ण दास परिक्रमा वाले बाबा बृज की विभूति हैं। उनके अनुसरण में संत गिरिराज जी की तीन व दो परिक्रमा करते हैं। कदमबखंडी के नए महंत बने चौतन्य कृष्ण दास बाबा ने बताया कि जगदानंद दास के गोलोकवासी होने के बाद आश्रम में सेवा की जिम्मेदारी दी है। वे इसे संत सेवा एवं भक्ति की भावना से आगे बढ़ाएंगे। संचालन कृष्ण दास महाराज ने किया। इस अवसर पर कृष्ण पद दास, पतित पावन दास, कृपा सिंधुदास, राधे श्याम दास, विजय शास्त्री, श्रीधाम दास, प्रदीप दास, परितोष दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष परशुराम सिंह, पंकज ठाकुर, भानु पाराशर, बिहारी दास, वासुदेव दास आदि थे।

# वॉलीबॉल खेलने के बाद युवक की करंट से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव सेवा ज्वालापुर में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जो युवक कुछ देर पहले मैदान में खेल का आनंद ले रहे थे, वही लोग हादसे के बाद गम में डूब गए।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहरी हिस्से में स्थित मंदिर के पास खुले मैदान में रोज की तरह शुक्रवार रात भी युवक वॉलीबॉल खेलने के लिए जुटे थे। मैदान में स्थायी बिजली की व्यवस्था न होने के कारण खंभे से तार डालकर हैलोजन लाइट लगाई गई थी, जिससे रात में खेला जा सके। मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ी मैदान की व्यवस्था समेटने लगे। बताया जाता है कि इसी दौरान 21 वर्षीय दुर्गा प्रसाद हैलोजन लाइट का तार हटाने के लिए कूड़ेदान पर खड़ा होकर खंभे से तार निकालने लगा। तभी अचानक उसका हाथ बिजली के तार से छू गया और उसे तेज करंट का झटका लग गया। करंट लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। साथियों ने तुरंत उसे उठाकर नजदीकी सीएचसी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया गया।

परिजन उसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मैदान में रोशनी के लिए अवैध रूप से बिजली का तार डालकर हैलोजन लाइट लगाई गई थी। इसी तार को हटाने के दौरान यह हादसा हो गया। घटना के बाद गांव में बिजली के असुरक्षित उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

■ **अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण करने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर स्थित सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सुनी गईं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों पर जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है और जल्द ही सभी तहसील मुख्यालयों पर होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की भी लाइव मॉनिटरिंग शुरू की जाएगी। ऐसे में सभी अधिकारी समय से समाधान दिवस में उपस्थित रहकर शिकायतों का निस्तारण करें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों में सुबह 9:45 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार करने पर भी जोर दिया। समाधान दिवस में हरुनगला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की कि उसकी कृषि भूमि पर लेखपाल द्वारा गलत नाप के आधार पर बीडीए द्वारा नाला खुदवा दिया गया है। इस पर डीएम ने बीडीए और उप जिलाधिकारी सदर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम श्यामनगर उड़ला जागीर के एक आवेदक ने पिता की मृत्यु के बाद विद्युत कनेक्शन ट्रांसफर न होने की शिकायत की। डीएम ने विद्युत विभाग को प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा संजय नगर निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम पुरनापुर की कृषि भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा सीमेंट के पोल लगाकर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। इस मामले में डीएम ने तहसीलदार सदर और इज्जतनगर थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पिता को बचाने आए युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव आनंदापुर लक्ष्मी नारायण में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव अनंदापुर लक्ष्मी नारायण निवासी अखिलेश गंगवार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह शिक्षा विभाग में कार्यरत है और होली की छुट्टियों में घर आया हुआ था। 4 मार्च की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही राकेश कुमार, पंकज कुमार और रोहित कुमार उसके पिता विश्वपाल गंगवार को गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। अखिलेश गंगवार ने जब अपने पिता को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। बताया गया है कि हमले में उसके बाएं हाथ में गहरा घाव हो गया और दाहिने हाथ की अंगुली में भी चोट आई, साथ ही शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावर तमंचा लहराते हुए धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शराब के रुपये न देने पर युवक पर हमला तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव बहोर नगला में शराब के लिए रुपये न देने पर एक युवक के साथ मारपीट की गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बहोर नगला निवासी वीरेन्द्र कुमार ने थाना नवाबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव के ही महेश कुमार, हरीश कुमार और दिनेश कुमार पुत्र रामबहादुर उसके पास आए और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो तीनों आरोपी उस पर हमलावर हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने उस पर बांस से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गहरा घाव हो गया। मारपीट में उसके शरीर पर कई चोटें आईं और कान से सुनाई भी कम देने लगा। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आरोपियों से बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट के दर्ज की है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चार का मौके पर हुआ निस्तारण**

**मीरगंज।** तहसील मीरगंज में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में रोस्टर के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी को फरियादियों की समस्याएं सुननी थीं, लेकिन उनके न पहुंचने पर एसडीएम आलोक कुमार ने दूर-दराज से आए लोगों की शिकायतें सुनीं।

समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 13, पुलिस विभाग की 6, खाद्य एवं रसद विभाग की 4, विद्युत विभाग की 3 तथा लोक निर्माण विभाग की 1 शिकायत शामिल रही।समाधान दिवस में ग्राम बल्लिया फरीदपुर निवासी अनोखे लाल ने अपनी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। दुनका इंटर कॉलेज के प्रबंधक बेचे सिंह ने सुल्तानपुर गांव में स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दी। वहीं ग्राम केसरपुर निवासी राजकुमार ने अपने खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ चोरी से काटे जाने की शिकायत दर्ज कराई।

इसके अलावा मोहम्मदगंज निवासी सोमपाल ने खेत की मेड़ तोड़कर कब्जा करने का आरोप लगाया, जबकि ग्राम हुरहुरी के ग्रामीणों ने ग्राम समाज की पट्टे की भूमि को अवैध रूप से बेचने की आशंका जताते हुए जांच की मांग की। वहीं थानपुर निवासी विहारी लाल ने खेत में जबरन रास्ता बनाने और कब्जे की शिकायत की।

इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार और नायब तहसीलदार अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शेष शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए और कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने पढ़ाया कानून का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आगामी त्यौहार नवरात्रि, रामनवमी व ईद के पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने साफ-साफ कहा कि त्योहारों पर कोई भी नई परम्परा नहीं डालने दी जाएगी। त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा।

**गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो होगी सख्त कार्यवाही**

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर अगर कोई आपत्तिजनक फोटो या धार्मिक टिप्पणी आती है तो उसे बिना सोचे समझे आगे साझा न करें, बल्कि उसकी जानकारी तुरन्त पुलिस को दें। ताकि समय रहते उस पर संज्ञान लिया जा सके।उधर रमजान इबादत का त्यौहार है तो वहीं नवरात्रि, रामनवमी के पर्व व ईद के पर्व को शान्ति पूर्ण माहौल में अपने मित्रों स्वजनों के साथ मनाएं।

किसी समुदाय विशेष पर धार्मिक टिप्पणी बिल्कुल न करें, जिससे अमन चौन बरकरार बना रहे। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि मिलजुलकर त्यौहार मनाने का मजा ही निराला है। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू, हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, वसीम अकरम, रामौतार मौर्य, के पी गंगवार, हिमांशु गंगवार, क्रष्ण पाल, रियासत खां, अंकुश गुप्ता आदि संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे।

# ब्लॉक सभागार में हुआ पोस्टर बजट बेविनार का लाइव प्रसारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकासखंड के ब्लॉक सभागार में भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन थीम पर पोस्टर बजट बेबिनार का लाइव प्रसारण किया गया, और इसी के साथ नेशनल मिशन का एडिबिल ऑयल फील्ड डे गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ० आशुतोष गंगवार की उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में उन्होंने किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, घरों में सोलर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली प्रदान करना और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के विषय में विस्तार से चर्चा की, और कृषि में उपयोग होने वाले उपकरणों पर सब्सिडी के विषय में बताया। मोटे अनाज की खेती प्रोत्साहन के विषय में चर्चा की।

गोष्ठी में एडीओ आईएस बी रो. हतास गंगवार, एडीओ पंचायत आशीष भटनागर, खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाखा के साथ ही ब्लॉक के कर्मचारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार के "बाल विवाह मुक्त भारत" 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने घर-घर संपर्क कर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने और शपथ लेने में उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, शिक्षा व स्वास्थ्य के महत्व और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सचिन कुमार गिरि ने किया। इस मौके पर प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट, डॉ. मोहम्मद फाइज, डॉ. आनंद कुमार, वीरेन्द्र शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

# स्कूल खुलवाने को लेकर धरना नौ मार्च को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई माह से बन्द पड़े प्राथमिक विद्यालय को खुलवाए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सामाजिक संस्था पैनी नजर नौ मार्च को खण्ड शिक्षा अधिकारी भदपुरा कार्यालय पर छात्रों के साथ धरना प्रदर्शन करेगी।

संस्था की अध्यक्ष एड0 सुनीता गंगवार द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को दिए गए पत्र में कहा कि पिछले कई महीनों से ब्लॉक भदपुरा के गांव जादौपुर का प्राथमिक विद्यालय बंद पड़ा है। विद्यालय के छात्रों को दूसरे विद्यालय में अटैच कर दिया गया था, लेकिन गांव से विद्यालय की दूरी एक किलो मीटर से अधिक होने की वजह से छात्र वहां नहीं जा रहे हैं। स्कूल को खुलवाए जाने की मांग को लेकर वह पिछले दो माह से संघर्ष कर रही हैं लेकिन उन्हें सिर्फ इधर से उधर अधिकारियों के यहां दौड़ाया जा रहा है, लेकिन स्कूल नहीं खुलवाया जा रहा है। श्रीमती गंगवार ने साफ साफ कह दिया कि वह आगामी 9 मार्च को खण्ड शिक्षा अधिकारी भदपुरा के कार्यालय पर गांव के छात्रों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगी।

# जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

■ **10 मार्च से मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से जनपद में शुरू होगा प्रशिक्षण**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में गठित जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में जनगणना विभाग के नोडल अधिकारी ने जनगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के माध्यम से किसी निश्चित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाता है। भारत में जनगणना की शुरुआत वर्ष 1871 में हुई थी। आजादी के बाद यह आठवीं जनगणना होगी, जो जनगणना अधिनियम-1948 एवं जनगणना नियम-1990 के अंतर्गत कराई जाएगी। इस दौरान जनगणना-2027 की प्रारम्भिक तैयारियों, प्रशिक्षण व्यवस्था, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ), जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी), जनसंख्या गणना (पीबी), वित्त एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी), आंकड़ों के प्रकाशन एवं सारणीकरण से संबंधित कार्यों को 30 जून 2026 तक निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना कार्य के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, तथा जनगणना शुरू होने से पहले मकानों की गणना कराई जाएगी। इसके साथ ही पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की भी व्यवस्था होगी। जनगणना पूरी तरह पेपरलेस होगी, जिसके लिए 700 से 800 प्रगणकों की फील्ड में नियुक्ति की जाएगी। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाएगा तथा प्रत्येक परिवार से 34 प्रश्नों की सूची भरवाई जाएगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और 10 मार्च से उनके माध्यम से जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस दौरान ट्रेनिंग डैशबोर्ड के संचालन, ट्रेनरों की ऑनलाइन एंट्री, प्रशिक्षण बैच तैयार करने तथा प्रशिक्षण की तिथि व स्थान निर्धारित करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) संतोष कुमार सिंह, जनगणना विभाग के नोडल अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार का मीरगंज आगमन



■ **ब्लॉक प्रमुख के आवास पर हुआ स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का शनिवार को मीरगंज आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने मीरगंज के ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। राज्यपाल के आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा महिपाल गंगवार, नरेंद्र गंगवार, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजू भारती, मुकेश राजपूत और रमेश कुर्मी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तहसील समाधान दिवस में एडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनीं फरियादें

■ **37 शिकायतों में से 6 का मौके पर निस्तारण, गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान एडीएम पूर्णिमा सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को जांच और समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। तहसील दिवस में किसानों ने गन्ना भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने एडीएम से शिकायत कर जल्द से जल्द बकाया गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग की। इसके अलावा आधार कार्ड और राशन कार्ड से संबंधित कई शिकायतें भी सामने आईं। एडीएम पूर्णिमा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों का सही व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर तहसीलदार भानू प्रताप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रिछा के लाल ने यूपीएससी में किया नाम रोशन, घर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

## रेलवे स्टेशन से घर तक निकला जुलूस, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंजा कस्बा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** कस्बा रिछा के होनहार युवक मिनहाज शकील के यूपीएससी परीक्षा पास कर शनिवार को अपने घर पहुंचने पर नगर वासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रिछा रेलवे स्टेशन से लेकर उनके घर तक जुलूस निकाला गया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए उनका अभिनंदन किया।

शुक्रवार को घोषित हुए यूपीएससी परीक्षा परिणाम में मिनहाज शकील को 513वीं रैंक प्राप्त हुई है। शनिवार को वह दिल्ली से अपने पैतृक घर रिछा पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग रिछा रेलवे स्टेशन पहुंच गए, और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर रिछा के पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद, राइस मिलर एसोसिएशन के राशिद नियाजी, साद नियाजी, याबर नियाजी, नगर पंचायत रिछा के चेयरमैन प्रतिनिधि सैफ तनवीर, मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम के नाजिम-ए-आला मुईनुद्दीन समेत तमाम गणमान्य लोग और नगरवासी मौजूद रहे।

स्टेशन से जुलूस के रूप में उन्हें कस्बे में लाया गया, जहां लोगों ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान रिछा राइस मिलर एसोसिएशन की ओर से राशिद नियाजी ने मिनहाज शकील को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। घर पहुंचने पर मिनहाज सबसे पहले अपनी मां से मिले और उनका आशीर्वाद लिया।

इसके बाद उन्होंने अन्य परिजनों से मुलाकात की। उनके पिता, बहेड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट शकील गुरु भी बरेली से उनके साथ आए। देर शाम तक उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# महदिया इंटर कॉलेज में लगा विज्ञान प्रदर्शनी

■ **रोबोटिक्स लैब का हुआ उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** महदिया इंटर कॉलेज में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में आधुनिक रोबोटिक्स लैब का भी उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

प्रदर्शनी में विज्ञान और तकनीक से जुड़े कई रोचक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महदिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मैनेजर सैयद रियाज अस्करी, निदेशक डॉ. सबाहत जहरा, प्रिंसिपल मुबारक अली, महदिया पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल जैनब तथा हेड ऑफ डिसिप्लिन मारफत हुसैन विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ में मो. रिजवान, मो. दाऊद और शाकिर अली का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत सेंथल के अध्यक्ष कंबर ऐजाज शानू रहे। इस अवसर पर एडवोकेट नावेद जैदी, शमीम हैदर जैदी (पूर्व प्रिंसिपल आजाद नौरंग इंटर कॉलेज), मौलाना सैयद तंजीम हुसैन, बब्बू जैदी, सरताज हुसैन (मीडिया प्रभारी) तथा सेंथल के कई चिकित्सक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार सरफराज खान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



**कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड**

KRIBHCO Cooperative and beyond...

**क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ**

**उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/DCDF/रैक पाइन्ट बुलन्दशहर से कृषक भारती सेवा केन्द्र- जहाँगीराबाद, गुलावठी, स्याना, शिकारपुर एवं हापुड़ पर अनुमानित 9750.00मै0टन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की मांग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ में दिनांक 24.03.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 15,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वर्षो की आईटीआर प्रति, पैन कार्ड एवं जीएसटी नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनांक 24.03.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह: 02:00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ में खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तो की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय,मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

**( वशिष्ठ नायक ),**
**क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ**
Email: aomeerut@kribhco.net

